भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 4678
उत्तर देने की तारीख : 22 जुलाई, 2019

जनजातीय संस्कृति का संरक्षण

4678. श्रीमती लॉकेट चटर्जी :

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का देश में जनजातियों की भाषाओं, लोक नृत्यों, कला और संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य-योजना बनाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान उक्त प्रयोजनार्थ विभिन्न एजेंसियों/गैर-सरकारी संगठनों को प्रदत्त वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)
संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(क) : देश में जनजातीय लोगों के लोक नृत्यों, कला और संस्कृति के विभिन्न रूपों के संरक्षण, परिरक्षण और उन्हें बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा सात क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों (जेडसीसी) की स्थापना की गई है जिनके मुख्यालय पटियाला, नागपुर, उदयपुर, प्रयागराज, कोलकाता, दीमापुर और तंजावुर में स्थित हैं। ये जेडसीसी देश भर में नियमित रूप से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यकलाप और कार्यक्रम आयोजित करते हैं।

संस्कृति मंत्रालय के नियंत्रणाधीन स्वायत्त संगठन, साहित्य अकादेमी भाषाओं, विशेष रूप से अपरिचित और जनजातीय भाषाओं के परिरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देती है। अकादेमी इस संबंध में देश भर में समय-समय पर भाषा सम्मेलन आयोजित करती है।

(ख) : विभिन्न सांस्कृतिक कार्यकलापों को आयोजित करने के लिए भारत सरकार द्वारा उपर्युक्त सात जेडसीसी को ही वार्षिक सहायता अनुदान प्रदान किया जाता है। विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इन जेडसीसी को जारी किए गए वार्षिक सहायता अनुदान के ब्यौरे निम्नानुसार हैं :

(रुपए लाख में)

क्र. सं.	जेडसीसी का नाम	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20 (वर्तमान स्थिति के अनुसार)
1.	एनजेडसीसी, पटियाला	642.21	818.15	997.60	133.82
2.	डब्ल्यूजेडसीसी, उदयपुर	895.26	784.12	1130.00	249.49
3.	एसजेडसीसी, तंजावुर	841.27	529.05	513.45	79.44
4.	ईजेडसीसी, कोलकाता	861.32	603.60	782.50	250.48
5.	एससीजेडसीसी, नागपुर	588.43	726.38	703.16	238.87
6.	एनसीजेडसीसी, प्रयागराज	491.58	619.35	1033.39	235.88
7.	एनईजेडसीसी, दीमापुर	1765.00	609.06	792.59	130.65
कुल		**6085.07**	**4689.71**	**5952.69**	**1318.63**